हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 12 जनवरी 2026

04 कथा के पूर्व बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं की ली गई ...



08 आयोजन समाज को संगठित व नई पीढ़ी को ...





### पुलिस ने 260 सीसीटीवी कैमरे खंगाले, दो नाबालिग को किया गिरफ्तार

# अरिहंत ज्वेलर्स में डकैती के तीन आरोपी गिरफ्तार, 13 लाख रुपए की चांदी बरामद

***विदिशा खरीफाटक अरिहंत ज्वेलर्स पर हुई डकैती के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रविवार को पुलिस ने प्रेसवार्ता कर डकैती का खुलासा किया। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा है। जिसमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। डकैती की वारदात सीसीटीवी कैमरें में कैद हुई थी। जिसमें बड़ी संख्या में डकैती दिखाई दे रहे थे। जिन्होंने डकैती की इस वारदात को अंजाम दिया था।***



विदिशा। वारदात के संबंध में खुलासा करते हुए एसपी रोहित काशवानी, इनसेट में घटना में प्रयुक्त की कई कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कोतवाली पुलिस ने खरीफाटक रोड स्थित अरिहंत ज्वैलर्स में हुई डकैती का खुलासा रविवार को कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, दो नाबालिगों को भी पकड़ा है।

आरोपियों के कब्जे से करीब 13 लाख रुपए कीमत का चांदी का सामान और वारदात में इस्तेमाल किया गया बोलेरो वाहन जब्त किया गया है।

यह घटना 3 जनवरी की रात को अरिहंत ज्वैलर्स पर हुई थी। दुकान संचालक शैलेंद्र जैन ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशों ने रात में ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। डकैती का खुलासा करने पुलिस ने 8 टीमों का गठन किया। एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में सीएसपी अतुल सिंह, एसडीओपी सिरोंज सोनू डाबर और एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह सहित कोतवाली टीआई आनंद राज, निरीक्षक आशुतोष राजपूत, और विमलेश राय ने पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व किया। एसपी द्वारा गठित पुलिस टीमों ने विदिशा, सिरोंज, गुलाबगंज, बासौदा, लटेरी, आनंदपुर, आरोन और गुना सहित

- मुखबिर की सूचना से आरोपियों तक पहुंची पुलिस।

आसपास के क्षेत्रों के 260 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसके अलावा 180 से ज्यादा संदिग्धों से पूछताछ की गई। तकनीकी जांच और फिंगरप्रिंट मिलान में फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ निरीक्षक योगेंद्र साहू और उप निरीक्षक रघुराज सिंह की भी अहम भूमिका रही।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने हनौतिया आरोन रोड से आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने रुठियाई के 22 वर्षीय अमन वंशकार, गुना के हड्डी मिल से 26 वर्षीय राम सिंह पारदी और जवाहर कॉलोनी से 25 वर्षीय कालीचरण पारदी सहित दो नाबालिग बालकों को पकड़ा। उनके पास से चांदी की 21 नग पायल, 169 नग बिछुड़ी, 6 जोड़ी बड़ी पायल, 3 नग कमरबंद और एक बोलेरो वाहन बरामद किया गया है। बरामद किए गए सामान की कीमत 13 लाख बताई जा रही है।

### कोतवाली पुलिस व ड्रग इंस्पेक्टर ने की कार्रवाई

## 150 एविल इंजेक्शन जब्त किए, दो आरोपी गिरफ्तार



विदिशा। मेडिकल कॉलेज के पीछे छापा मारकर आरोपियों को किया गिरफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ विदिशा पुलिस ने कार्रवाई की है।

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस और ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने 10 जनवरी को मेडिकल कॉलेज के पीछे छापा मारकर 150 नग अवैध एविल इंजेक्शन जब्त किए। इस कार्रवाई के दौरान 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में अजय आदिवासी (26) निवासी पूरनपुरा और मनीष कुशवाह (34) निवासी शिक्षक कॉलोनी मोहनगिरि शामिल हैं।

आरोपियों को ड्रग इंस्पेक्टर के हवाले कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इस संयुक्त कार्रवाई में निरीक्षक आनंद राज, ड्रग इंस्पेक्टर जोन कुजूर, सउनि मुकेश ठाकुर, प्रधान आरक्षक महेन्द्र गोंड, आरक्षक संदीप जाट, अजय सिकरवार, राघवेन्द्र सिकरवार एवं भूपेन्द्र कुर्मी ने अहम भूमिका निभाई।

विदिशा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के खिलाफ इसी प्रकार कठोर और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी ताकि अपराधियों को कड़ी सजा दिलाई जा सके और समाज को सुरक्षित बनाया जा सके। यह कार्रवाई नशे के खिलाफ संघर्ष में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कृषि वर्ष 2026 के लिए कृषि रथ की शुरुआत



**विदिशा।** मप्र शासन द्वारा घोषित किसान कल्याण वर्ष 2026 का भव्य शुभारंभ भोपाल के जंबूरी मैदान में मुख्यमंत्री के कर कमलों से हुआ। विदिशा जिले से 4270 किसान कार्यक्रम में शामिल हुए। जिले के सभी विकासखंडों में कृषि रथ की शुरुआत की गई। विधायक मुकेश टंडन ने ग्राम ढोलखेड़ी से कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रथ के माध्यम से किसानों को पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य पालन व जैविक खेती जैसी नवीन कृषि तकनीकों और योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस पहल से कृषि क्षेत्र में विकास और किसानों के हित में महत्वपूर्ण सुधार होंगे।

### शूटिंग बॉल केपीएल सीजन 3 का शुभारंभ

**कागपुर।** ग्राम कागपुर के ग्रामीण स्टेडियम में हिमालय डायग्नोस्टिक द्वारा आयोजित केपीएल सीजन 3 का शुभारंभ मप्र शूटिंग बॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनेंद्रप्रताप सिंह और हिमालय डायग्नोस्टिक के संचालक अरविंद सिंह ने किया। यह तीसरा सीजन है जिसमें प्रथम पुरस्कार 25 हजार रुपए और उपविजेता को 12 हजार 500 रुपए पुरस्कार स्वरूप मिलेगा। साथ ही हर मैच में मैन ऑफ द मैच को भी सम्मानित किया जाएगा। पहले दिन तीन रोमांचक मैच हुए। शादाब 11 ने जोहड़ जठोदा 11 और कोलींजा 11 को पराजित किया, जबकि तीसरे मैच में कोलींजा 11 ने जोहड़ जठोदा 11 को हराया।

### हिंदू सम्मेलन में एकता का संदेश दिया

**कागपुर।** हिन्दू जागरण को नई ऊर्जा देने रविवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। हिनोतिया मंडल के समस्त ग्रामों से बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। जिला सह कार्यवाहक विनोद बघेल ने पंच परिवर्तन के तहत स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और कुटुंब प्रबोधन पर प्रकाश डाला। उन्होंने गौ सेवा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उद्देश्य भी समझाए। जाति-पांति की करो विदाई, हम सब हिन्दू भाई-भाई का नारा देकर समरसता का संकल्प लिया गया। कलश यात्रा संकट मोचन हनुमान मंदिर से शुरू होकर ग्रामीण हाट बाजार पहुंची।

### अभिनंदन गार्डन में हुआ हिंदू सम्मेलन

**विदिशा।** शहर के अभिनंदन गार्डन में सकल हिन्दू समाज द्वारा हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में एकजुटता और भाईचारे का संदेश दिया गया तथा विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया। आयोजन के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन भी किया गया, जहां सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले शहर में कई रैलियां निकाली गईं, जिनमें लोगों को इस कार्यक्रम से जोड़ने का आह्वान किया गया। आयोजकों ने आगामी समय में ऐसे और भी कार्यक्रम आयोजित करने का विश्वास जताया।

### राजकुमार तलरेजा का निधन, अंतिम यात्रा आज

**विदिशा।** मुकेश तलरेजा, रवि तलरेजा, नवनीत तलरेजा एवं करन तलरेजा के पिता, करन तलरेजा के ताऊ एवं कृष्णा तलरेजा के दादाजी राजकुमार तलरेजा का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार 12 जनवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास इंदिरा कॉम्प्लेक्स से बेतवा तट मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।



### विवेकानंद जयंती पर सूर्य नमस्कार आज

**विदिशा।** स्वामी विवेकानंद जयंती (युवा दिवस) के अवसर पर आज जिला मुख्यालय स्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के खेल स्टेडियम में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शासन के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के हजारों विद्यार्थी, गणमान्य नागरिक एवं प्रशासनिक अधिकारी सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे होगा। आयोजन के दौरान सर्वप्रथम राष्ट्रगीत वंदे मातरम एवं मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन किया जाएगा। इसके पश्चात रेडियो प्रसारण के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी के संदेश का प्रसारण होगा, जिसके अनुरूप सभी प्रतिभागी एक साथ सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का अभ्यास करेंगे।

## छोटा सर्राफा एसोसिएशन के सेमिनार में व्यापारियों को दी महत्वपूर्ण जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

छोटा सर्राफा एसोसिएशन ने जालोरी गार्डन में आयोजित सर्राफा व्यापारी जागरुकता सेमिनार में 150 से अधिक व्यापारी उपस्थित रहे। सेमिनार का मुख्य विषय धारा 411, हॉलमार्क, जीएसटी, इनकम टैक्स की नई स्लैब, ई-वे बिल, मनी लॉड्रिंग कानूनों में परिवर्तनों एवं गिरवी से जुड़ी समस्याएं थीं। विशेषज्ञ वक्ताओं ने विषयवार विस्तार से व्यापारियों को जागरूक किया। व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नालाल जैन ने कहा कि व्यापारी परेशान न हों, उनकी हर परिस्थिति में मदद करेंगे। एसपी रोहित काशवानी ने कहा कि पुलिस व्यापारियों को बिना कारण परेशान नहीं करेगी और किसी भी प्रकार की गलत कार्रवाई नहीं होने देंगे। उन्होंने दुकानों पर सीसीटीवी लगाने की भी सलाह दी। मप्र सर्राफा एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष संजीव गर्ग और नरेंद्र सोनी ने बताया कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलकर धारा 411 को लेकर व्यापारियों के हित में मांग की जाएगी और भोपाल में बड़े सम्मेलन का आयोजन होगा। सीए विकास जैन ने टैक्स कानूनों की जानकारी दी। मुंबई से आए प्रणव निर्गुंडे ने सोने-चांदी की मार्केट में तेजी-मंदी के बीच व्यापार सुरक्षित रखने के उपाय बताए। कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक मुकेश टंडन ने व्यापारियों को हर प्रकार की सहायता का भरोसा देते हुए कहा कि व्यापारी भयभीत न हों।

### सिविल लाइन में 149 वाहनों की नीलामी हुई



**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में रविवार को थाना सिविल लाइन में पुलिस एक्ट की धारा 25 के अंतर्गत जब्त 149 लावारिस वाहनों की नीलामी की गई। नीलामी प्रक्रिया को पूर्णत पारदर्शी एवं नियमानुसार आयोजित किया गया, जिसमें शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। नीलामी से जहां एक ओर लावारिस वाहनों के विधिवत निपटारे की प्रक्रिया पूर्ण हुई, वहीं दूसरी ओर आमजन में पुलिस की पारदर्शी कार्यप्रणाली के प्रति विश्वास और सहभागिता भी सुदृढ़ हुई।

## राम पर आपत्तिजनक टिप्पणी से आक्रोश, तहसील तक पैदल मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ नटेरन

भगवान श्रीराम पर आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में हिंदू समाज में भारी रोष व्याप्त है। रविवार को बड़ी संख्या में लोगों ने रामजानकी मंदिर पर एकत्रित होकर तहसील तक पैदल मार्च निकाला। इस के दौरान जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। प्रदर्शनकारियों ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य आरोपी दीपक बौद्ध की गिरफ्तारी और रासुका के तहत कार्रवाई की मांग की गई है। दीपक ने पहले भी विवादित बयान देकर समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास किया है। प्रदर्शनकारी चेतावनी देते हुए बोले कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और व्यापक होगा। तहसीलदार ने ज्ञापन वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने का भरोसा दिया है।

## हिंदू सम्मेलन में एकजुट रहने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

यमुना बस्ती स्थित रायपुरा गोवर्धन गार्डन में रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ। सुबह 11 बजे झीलकुआ हनुमान मंदिर बक्सरिया से कलश यात्रा शुरू हुई। जो भोई मोहल्ला, बक्सरिया, चौपड़ा मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थल रायपुरा गोवर्धन गार्डन पहुंची।

जिला प्रचारक विशाल जी सेन ने अपने संबोधन में कहा कि इतिहास में कई आक्रमणकारियों ने हिंदू समाज को विभाजित करने का प्रयास किया है। चाहे वह अंग्रेज हों, मुगल हों या अन्य, सभी का उद्देश्य समाज को तोड़ना रहा। उन्होंने विजय मंदिर के टूटने का उदाहरण देते हुए बताया कि समाज के एकजुट न होने के कारण ही देश विरोधियों ने प्राचीन मंदिर को क्षति पहुंचाई। सम्मेलन में चन्द्रमा दास महाराज, आनंदकृष्ण शास्त्री, राकेश शर्मा एवं इश्मिता एलिया दीदी ने समरसता को मजबूत करने, हिंदू समाज को संगठित करने एवं राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

## कलेक्टर ने की शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल प्रबंधन की समीक्षा, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




जिले में पेयजल की स्वच्छता, उपलब्धता और गुणवत्ता पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गंभीर समीक्षा की।

प्रदेशव्यापी स्वच्छ जल अभियान के तहत जिले में पेयजल शोधन यंत्रों और टंकियों की सफाई, जीआईएस मैप आधारित निगरानी तथा पाइपलाइनों में दूषित मिश्रण रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। कलेक्टर ने बताया कि हर मंगलवार जल सुनवाई आयोजित की जाएगी, जिससे नागरिकों की पेयजल संबंधी शिकायतें 181 नंबर पर दर्ज कर समय पर समाधान किया जाएगा।

नगरपालिका और नगर परिषदों द्वारा छह माह में पेयजल टंकियों व फिल्टर प्लांट की सफाई की जा रही है। पेयजल की गुणवत्ता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की प्रयोगशाला में नियमित रूप से जांची जाती है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रयोगशालाओं में प्रशिक्षित अमला और आवश्यक रसायनों की उपलब्धता पूर्ण हो, ताकि जल गुणवत्ता की जांच में कोई कमी न रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि अभियान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

## नन्हे वैज्ञानिकों के नवाचार ने भविष्य की राह दिखाई

### ब्लॉक स्तरीय विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी लगाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

स्थानीय सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरवाई में ब्लॉक स्तरीय गणित, विज्ञान, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में ब्लॉक के स्कूलों के 37 नन्हे वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा और नवाचार का प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा बनाए गए वर्किंग मॉडल, विभिन्न विषयों पर गीत एवं लघु नाटिका की प्रस्तुति रहे। विज्ञान अनुभाग में छात्रों ने सौर ऊर्जा, वॉटर हार्वेस्टिंग और वेस्ट मैनेजमेंट जैसे विषयों पर मॉडल पेश कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं गणित के स्टालों पर कठिन सूत्रों को खेल-खेल में समझने के लिए 'मैथ्स पजल' और 'ज्यामिति आकृतियों' के जीवंत मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में छात्रों ने 'स्मार्ट सिटी' और 'प्राचीन सभ्यता' के सुंदर दृश्य प्रस्तुत किए, जो हमारी विरासत और भविष्य की प्रगति के बीच एक पुल की तरह दिखे। प्रदर्शनी में सम्मिलित मॉडल परीक्षण करने गणित समिति में अमजद खान व शिखा महतो, विज्ञान में शरद रेकवार व कल्पना साहू एवं सामाजिक विज्ञान समिति में गजेन्द्र शर्मा व मनीष अहिरवार ने विभिन्न मॉडल का परीक्षण कर अंकों का आवंटन किया। आयोजन समिति ने बताया कि यहाँ से चयनित मॉडल अब जिला स्तरीय प्रदर्शनी में ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के शिक्षक- शिक्षिकाएं, अभिभावक और एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## फरीदाबाद की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

**रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले हुए**




कनारा क्रिकेट ग्राउंड पर रविवार को 56वीं अखिल भारतीय कनारा क्रिकेट ट्रॉफी में क्वार्टरफाइनल मुकाबले काफी रोमांचक रहे। शहर के प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिक इस आयोजन में मौजूद रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

दिन के पहले मुकाबले में फरीदाबाद ने उदयपुर को 7 विकेट से हराया। उदयपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.2 ओवर में 145 रन बनाए, जिसमें शौर्यवर्धन सिंह ने 68 रनों की तेज पारी खेली। फरीदाबाद के हर्ष यादव ने 4 विकेट लेकर टीम को मजबूत स्थिति दिलाई। जवाब में फरीदाबाद ने 16.3 ओवर में 147 रन बनाकर जीत दर्ज की। कृष्णा भदाना (47), दीपक (34) और शिवांश मिश्रा (23) ने बेहतरीन योगदान दिया। हर्ष यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे क्वार्टरफाइनल में चंडीगढ़ ने गुजरात को 5 विकेट से हराकर जीत हासिल की। गुजरात ने 19 ओवर में 145 रन बनाए, जिसमें किनीत पटेल (43) और युवराज नंदावना (38) ने योगदान दिया।

चंडीगढ़ के कप्तान प्रखर तिवारी ने 5 विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए शुभम यादव (56) और तालिब (50) ने शानदार बल्लेबाजी की और टीम को 18.1 ओवर में जीत दिलाई। प्रखर तिवारी को मैन ऑफ द मैच सम्मान मिला। सोमवार को इंडियन नेवी और चंडीगढ़ के बीच सेमीफाइनल खेला जाएगा। इस मुकाबले को लेकर उत्साह और प्रत्याशा दोनों चरम पर हैं।



## खबर संक्षेप

### महिला मंडल ने कराया सुंदरकांड का पाठ



**गंजबासौदा।** गत दिवस कलचुरी महिला मंडल राय समाज द्वारा नववर्ष के उपलक्ष्य में पचमा बायपास स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसकी समस्त व्यवस्था कलचुरी महिला मंडल द्वारा की गई। सुंदर कांड पाठ के पश्चात मंगल आरती की गई एवं प्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर नेहा राय, रमा चौकसे, मधुलिका राय, रेखा शिवहरे, शोभा चौकसे, पूजा राय, नेहा जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण एवं समाज जन मौजूद रहे।

### कुल्हार में हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन



**गंजबासौदा।** हिंदू समाज की शक्ति उसके संस्कार, संयम और संगठन में निहित है। संस्कार और संगठन से ही समाज मजबूत होता है। जब समाज अपने धर्म और संस्कृति से जुड़ा रहता है,तभी राष्ट्र सुरक्षित रहता है। गमाकर खंड के कुल्हार मंडल के अंतर्गत ग्राम कुल्हार में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन महंत परशुराम दास जी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि संस्कार और संगठन से ही समाज मजबूत होता है सनातन परंपरा हमें जोड़ने का कार्य करती है, तोड़ने का नहीं। उन्होंने समाज से आह्वान किया कि जाति-पाति और भेदभाव से ऊपर उठकर एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि परिवार संस्कारों की पहली पाठशाला है। सम्मेलन में 1000 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम में समाज में संगठन, समरसता और राष्ट्रहित को लेकर विचार रखे गए। उन्होंने पड़ोसी देशों की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां सामाजिक बिखराव से हालात बिगड़े है।

### शतरंज प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**गंजबासौदा।** इन दिनों नगरपालिका के श्री रामलीला मेले में अनेक खेल प्रतियोगिताएं चल रही हैं। जिसमें शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। अतिथियों ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता नवांकुर विद्यापीठ और डॉल्फिन के स्कूल के बीच हुआ। जिसमें डॉल्फिन स्कूल के नैतिक विश्वकर्मा विजेता एवं नवांकुर विद्यापीठ के लकी अहिरवार उप विजेता रहे। ओपन स्तर पर महिला, पुरुष शतरंज प्रतियोगिता बासौदा और सिरोंज के बीच हुई जिसमें सिरोंज के जावेद भाई विजेता रहे। वहीं बासौदा के आशीष मिश्रा उपविजेता रहे। श्रीराम लीला में आयोजित हो रहीं प्रतियोगिताएं देखने नगर सहित ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में दर्शक पहुंच रहे हैं।

## मानस भवन में आयोजित हिंदू सम्मेलन में 3000 हिंदू हुए शामिल

# एक संगत,एक पंगत में शामिल होकर दिया समरसता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मानस भवन में रविवार को आयोजित हुए शीतला बस्ती के हिंदू सम्मेलन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि जब हिंदू समाज संगठित होता है, तभी राष्ट्र सशक्त बनता है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता मध्य भारत प्रांत के सह शारीरिक प्रमुख त्रिवेश लोधी ने कहा कि हिंदू समाज की एकता का ही परिणाम है कि पांच सौ साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हुआ और कश्मीर से धारा 370 समाप्त हो सकी। लोधी ने दो टूक कहा कि भारत कोई भूमि का टुकड़ा नहीं, बल्कि माता है। भारत विश्व कल्याण की कामना करने वाला एकमात्र देश है।

उन्होंने कहा कि भारत ने कभी किसी देश पर वर्चस्व के लिए शस्त्र नहीं उठाए, बल्कि ज्ञान और शांति का संदेश दिया। स्वामी विवेकानंद इसी संदेश को लेकर विदेश गए थे। यही सनातन भाव भारत को विश्व से अलग बनाता है। उन्होंने कहा कि जहां सशक्त देश अपने हित में सीमाएं बंद करते हैं या दूसरों को नुकसान पहुंचाते हैं, वहीं भारत सशक्त होकर भी विश्व को ज्ञान, विज्ञान और शांति का संदेश देता है। उन्होंने चेताया कि असंगठित लोग केवल भीड़ होते हैं, समाज तभी बनता है जब वह संगठित हो। भगवान श्रीराम का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि राम ने वनवासी समाज को संगठित कर आत्मविश्वास जगाया और संगठित शक्ति से ही अधर्म का अंत किया। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि घर-घर राम पहुंचे, ताकि हमारे बच्चों के आदर्श फिल्मी सितारे नहीं, बल्कि भगवान राम, वीर भगत सिंह, छत्रपति शिवाजी महाराज और स्वामी विवेकानंद हों। संगठित हिंदू समाज ही राष्ट्र की रक्षा कर सकता है।

सम्मेलन में भागवताचार्य मानसरत्न पंडित भगवान प्रसाद शास्त्री ने कहा कि जब तक हिंदू समाज एक संगत और एक पंगत में नहीं बंधेगा, तब तक चुनौतियां बनी रहेंगी। जात-पात से ऊपर उठकर एक परिवार, एक मोहल्ला और एक राष्ट्र बनने का समय आ गया है।

सम्मेलन के समापन पर आयोजित समरसता भोज में बिना किसी भेदभाव के लगभग 3 हजार लोगों ने एक साथ बैठकर प्रसादी ग्रहण की, जिसने सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन सनी भावसार ने एवं आभार लोकमन कुशवाह ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, मधुलिका अग्रवाल ,बालाजी मंदिर के महंत, विनोद शाह, सुनीता भावसार, कंछेदीलाल अहिरवार, लालचंद कुशवाह, सुरजीत सिंह छाबड़ा सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान नवांकुर विद्यापीठ एवं सम्राट अशोक अकादमी के विद्यार्थियों ने राष्ट्रभक्ति, सामाजिक चेतना और सामाजिक कुरीतियों के विरोध में प्रभावी नाटिकाएं प्रस्तुत कीं। बाल कवि अनंत चतुर्वेदी एवं बाल कवियत्री आराध्य भार्गव की ओजस्वी रचनाओं से पूरा परिसर देशभक्ति से गूंज उठा। आयोजन स्थल पर देश के लिए बलिदान देने वाले महापुरुषों और राष्ट्रभक्तों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें उनके जीवन और बलिदान की जानकारी दी गई।

प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को मंच से उपहार देकर सम्मानित किया गया। हिंदू सम्मेलन के समापन उपरांत शीतला बस्ती में समरसता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर करीब 3 हजार हिंदू समाज बंधुओं ने एक साथ बैठकर एक पंगत–एक संगत में प्रसादी ग्रहण की। आयोजन स्थल पर समाज की समरसता और एकता का जीवंत दृश्य देखने को मिला।



**गंजबासौदा।** कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि


**गंजबासौदा।** सामूहिक रूप से पंगत में भोज करते नगरवासी

## कथा के पूर्व बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं की ली गई जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सावरकर चौक स्थित धनुषधारी मंदिर में कथा के पहले रविवार को बैठक आयोजित की गई। मंदिर अध्यक्ष रोहित भावसार ने कथा की सारी व्यवस्थाओं को संभालने की जिम्मेदारी ली एवं समस्त माता बहनों, भाइयों, श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि कथा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेवें। कथा का आयोजन 16 से 22 जनवरी तक होगा। जिसके प्रवक्ता आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया होंगे। कथा की तैयारी भावसार परिवार द्वारा की जा रही है। कथा के मुख्य यजमान रिचा मनीष भावसार द्वारा कथा कराई जा रही है। कलश यात्रा 16 जनवरी को दोपहर 12 बजे शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेगी। भावसार समाज ने समस्त क्षेत्रवासियों के लिए कथा में अधिक से अधिक सम्मिलित होने की अपील की है। सनातन ध्वजा, सनातन धर्म, सनातन की रक्षा हम सबका धर्म है। धर्म की रक्षा कोई एक नहीं हम सबको मिलकर के ही करना होगी, धर्म की रक्षा हेतु हिंदुत्व की रक्षा हेतु शिव महापुराण का आयोजन विश्व कल्याण हेतु कराया जा रहा है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा में शामिल होने की अपील की है।

## विश्व हिंदी दिवस मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के अंतर्गत विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति ने छात्राओं को हिंदी भाषा का महत्व समझाया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. पुष्पा बर्डे ने छात्राओं को बताया कि हिंदी हमारी मातृभाषा है और हमें इसका सम्मान करना चाहिए। दौरान उन्होंने हिंदी दिवस के अवसर पर छात्राओं ने स्वरचित कविताएं सुनाई एवं हिंदी भाषा के महत्व पर पोस्टर बनाकर अपनी मातृ भाषा के लिए सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर निखिल शर्मा सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## सूर्य नमस्कार के पूर्व अभ्यास किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय सैंट एसआरएस स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना की बालक, बालिका इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के तहत युवा सप्ताह सेवा श्रम कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में रविवार को स्वच्छता अभियान अन्तर्गत स्कूल परिसर में पॉलीथिन उन्मूलन और सफाई अभियान चलाया और बाटिका निर्माण जैसे कार्यक्रम संपन्न कराए गए। कार्यक्रम अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान एवं शिक्षक परिवार ने युवा दिवस के पूर्व सूर्य नमस्कार का सामूहिक रूप से अभ्यास किया। स्वयंसेवक ने इस दौरान स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। संस्था डायरेक्टर केएस यादव, प्रबंधक सुधा यादव, प्राचार्य उमेशचंद यादव ने स्वयंसेवकों को विवेकानंद जयंती की शुभकामनाएं दी।

## एलबीएस कॉलेज में रासेयो का शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




प्राचीन काल में ज्ञान का श्रोत वेद थे। जिनका चिंतन-मनन करते थे लेकिन इस युग में ज्ञान या शास्त्रार्थ बंद हो गए हैं। जिसका कारण गुरुकुल खत्म हो गए है। योगेश्वर श्रीकृष्ण कहते है, ज्ञान से बडी. पवित्र कोई वस्तु नहीं है। ज्ञान प्रकाश है और अज्ञान अंकारमय बंधन है। संसार के समस्त जीवों मेंआहार, निद्रा, मैथुन, भय ज्ञान को जानते है। इसलिए हम सब पशु के समान है। यह ज्ञान प्राकृतिक रूप से प्राप्त होता है। नैमेत्तिक ज्ञान शिक्षक गुरु सिखाते है।

मनु महाराज कहते है मनुर्भवः अर्थात मनुष्य बनो। क्योंकि मनुष्य मननशील, चिंतनशील, विवेकशील, विचारशील गुण आवश्यक है। यही ज्ञान मनुष्य बनाता है। यह बात एलबीएस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के बौद्धिक सत्र के मुख्य वक्ता सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों से कही। इस अवसर महेन्द्र सिंह राजपूत ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं का कल्याण और संसार का कल्याण करने का नाम है। उन्होंने कहा कि जैसा भाव, वैसा स्वभाव और जैसा स्वभाव होगा वैसा प्रभाव होगा। निरंजन सिंह ठाकुर ने मोबाइल से दूरी बनाने की सलाह दी। कार्यक्रम अधिकारी नम्रता अरोरा ने अतिथियों का आभार माना और सहायक कार्यक्रम अधिकारी ऐवन सिंह विश्वकर्मा ने अतिथि परिचय कराया। स्वयं सेविका छात्रा सेजल नामदेव ने शानदार संचालन किया। स्वयं सेवकों द्वारा गांव में प्रभात फेरी निकाली वहीं बस्ती में श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया।

## सुंदरकांड पाठ की 27वीं वर्षगांठ मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सावरकर चौक स्थित हनुमान मंदिर पर श्री रामचरित मानस मंडल के तत्वावधान में सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना से प्रति शनिवार चलने वाले सुंदरकांड पाठ की 27 वीं वर्षगांठ समारोह पूर्वक मनाई गई। आयोजन के दौरान शनिवार सुबह 11 बजे अखंड रामायण पाठ प्रारंभ हुआ जिसका विश्राम रविवार दोपहर 12 बजे हुआ। तत्पश्चात पूर्णाहुति हवन पूजन एवं प्रसादी वितरण किया गया। इस मौके पर भावसार समाज अध्यक्ष रोहित भावसार ने रामचरित मानस मंडल के सभी सदस्यों का पुष्पमाला, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान कर कहा कि इसी प्रकार के धार्मिक आयोजन निरंतर होते रहें। इस मौके पर रामचरित मानस मंडल संचालक गोपाल प्रसाद शर्मा, शिवप्रसाद श्रीवास्तव, शिवनारायण गोस्वामी, राजकुमार पाराशर, राजबहादुर शर्मा, रणवीर सिंह राजपूत, सतीश पाराशर, संतोष नेमा, अमित पंथी, जीवन महाराज, भुवनेश माथुर, सुनील भावसार, बंटी नेमा आदि मौजूद रहे।

### रक्त सेवा समिति का कार्यक्रम आज

**गंजबासौदा।** रक्त सेवा समिति के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह सोमवार को सुबह 11.30 बजे एसजीएस महाविद्यालय में आयोजित किया जा रहा है।

## श्रेष्ठ व समर्थवान बनना है तो अपनी सोच को गुणवान और सकारात्मक बनना होगाः दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थिति सेवा केंद्र द्वारा स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यदि हमें नव वर्ष में अपनी संकल्प शक्ति को श्रेष्ठ व समर्थवान बनाना है तो अपनी सोच को गुणवान और सकारात्मक बनाना होगा। सहनशीलता, सन्तोष, त्याग, मधुरता, नम्रता, दृढ़ निश्चय आदि गुण अपनाकर एवं अपनी दृष्टि का सकारात्मक परिवर्तन करके भी हम समर्थ संकल्पों का आह्वान कर सकते हैं। उमंग-उत्साह के साथ सदा सहयोगी आत्मा बनकर सहयोग के संकल्प कार्य में लगाओ तो विजयी अवश्य बनेंगे।

सहयोग के ऐसे संकल्प श्रेष्ठ बन जाते हैं जब हम अपने साथ दूसरों के भी संकल्पों में बल भर देते हैं। सारे दिन में हमें अनेक विचार आते हैं जिनमें बहुत से नकारात्मक व कुछ सकारात्मक होते हैं। नकारात्मक विचारों के बार-बार चलने से हमारे मन में आने वाली बातों की क्वालिटी पर हम ध्यान नहीं दे पाते, जिससे हम अपने विचारों को शक्तिशाली व उपयोगी नहीं बना पाते। प्रायः असफलता तब प्राप्त होती है जब हम अपने संकल्पों-विकल्पों पर अटेंशन न देकर अपने निर्धारित लक्ष्य से भटक जाते हैं। ऐसे समय में हमारा मन एकाग्रचित्त न होकर किसी विषय, वस्तु या व्यक्ति में फंसकर भटक जाता है। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने बताया कि ध्यान व योग का जीवन में प्रयोग करके हम अपने संकल्प शक्ति को शुभ, कल्याणकारी तथा श्रेष्ठ बना सकते हैं।

योग द्वारा स्वयं का सम्पूर्ण स्नेह परमपिता परमात्मा से जोड़ लें, तो हमारी बुद्धि और संकल्प सात्विक व शुभ-भावना से संपन्न बन जाएँगे। ध्यान-योग के निरंतर अभ्यास से आत्म-ज्योत जग जाती है। योग से हमारे संकल्पों में परिवर्तन आता है। संकल्प से फिर कर्मों में बदलाव आता है और फिर संस्कारों में फेर-बदल होता है।



## रिपटा घाट पर सदस्यों ने की साफ, सफाई

# श्रमदान अभियान 5.0 का चौहदवां चरण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कड़ाके की ठंड और प्रतिकूल मौसम के बावजूद नदी स्वच्छता के प्रति समर्पित श्रमदान दल का संकल्प कमजोर नहीं पड़ा। रविवार को बेतवा नदी के रिपटा घाट पर साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत चौदहवें चरण का नदी स्वच्छता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। हर रविवार की परंपरा को निभाते हुए श्रमदान दल के सदस्य प्रातः काल घाट पहुँचे और जीवनदायिनी वेत्रवती के तटों व आसपास फैले कचरे की सफाई की। इस दौरान घरेलू अपशिष्ट, पूजा–हवन के पश्चात शेष सामग्री, प्लास्टिक-पॉलिथीन, मुंडन संस्कार के अवशेष एवं अन्य कचरा एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर सुरक्षित रूप से संग्रहित किया गया। श्रमदान दल का मानना है कि नदी स्वच्छता केवल सफाई तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह सोच, व्यवहार और संस्कार में परिवर्तन की प्रक्रिया है। जब तक समाज यह नहीं समझेगा कि नदी में फेंकी गई प्रत्येक वस्तु अंततः हमारे ही जीवन को प्रभावित करती है, तब तक कोई भी अभियान स्थायी सफलता प्राप्त नहीं कर सकता। दल के सदस्यों ने कहा कि मुंडन संस्कार के पश्चात बालों को घाटों पर छोड़ना, पूजन हवन सामग्री को सीधे नदी में प्रवाहित करना, घाटों पर तेल, साबुन और शैंपू का उपयोग करना तथा प्लास्टिक, ब्लेड और घरेलू कचरे को लापरवाही से फेंकनाये सभी क्रियाएँ आस्था नहीं, अज्ञानता और लापरवाही का प्रतीक हैं।

### समाचार पत्र वितरित करने वालों को किट बांटी

**गंजबासौदा।** कड़ाके की रूह कंपाने वाली सर्दी की परवाह न करते हुए प्रतिदिन प्रातः 5 बजे रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर समाचार पत्रों को शहर की चारों दिशाओं में अपने गन्तव्य तक पहुंचाना, अपना फर्ज मानकर अपनी नित्यप्रति सेवाओं को अन्जाम देने वाले समाचार पत्र वितरक बंधुओं को रविवार को त्योंदा रोड सिन्धी कालोनी मन्दिर में सर्दी से बचाव की किट हैंड ग्लव्स, केप, सोक्स भेंट किए गए। उल्लेखनीय है कि वर्षो से चली आ रही परंपरा अनुसार हर रविवार को मंदिर में श्री सुखमनी साहब की पवित्र वाणी का पाठ किया जाता है, आज इस पाठ में सभी हाकर्स सम्मिलित हुए पाठ के समापन के पश्चात सभी को प्रसादी वितरण की गई, तत्पश्चात किट भेंट की गई। इस मौके पर पूज्य सिंधी पंचायत के संरक्षक लालचंद वासवानी, सत्यपाल तनवानी, जमीयत राय तनवानी, नानक मामा, भागचंद वासवानी, नरसिंह राय तनवानी, प्रदीप खटवानी, सुरेश तनवानी, दिलीप तनवानी, श्याम वाधवानी, राकू कटारिया, विशाल तनवानी, कमल वाधवानी, दिलीप खिलवानी, मिश्रीलाल रघुवंशी, जगदीश साहू, तुलाराम चौकसे, नारायण भाई सहित ग्रुप के सभी सदस्य एवं सिंधी पंचायत के सदस्यगण उपस्थित थे।



## निःशुल्क नेत्र शिविर में 434 मरीजों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन स्वर्गीय संतोष पिंगले की पुण्य स्मृति में सेवा दिवस के रूप में किया गया। शिविर में डॉ सौरभ शर्मा, राजकरण वर्मा, डॉ. रवि अहिरवार ने 434 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 165 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। 65 मरीजों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए।

कैंप प्रभारी डाल सिंह जादौन के निर्देशन में काउंसलिंग टीम रणवीर सिंह बघेल के द्वारा अक्षय पाल, लखन शर्मा, बनवारी धाकड़ ने 65 चश्मों का वितरण किया। ट्रस्ट ने 135 मरीजों को दवाइयां वितरित की गई। 69 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए। मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं। इस मौके पर गणेश राम रघुवंशी, डॉ. ए. के. जैन, डॉ. राजकरण वर्मा, जगदीश अग्रवाल, हेमंत भण्डारी, भगवान दास साहू, सुरेंद्र भारद्वाज, डॉ. रवि अहिरवार, सरपंच गजराज सिंह, संजीव शर्मा, रामकुमार शर्मा सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है।

कार्यक्रम में भगवानदास साहू और सरदार सिंह सिसोदिया ने सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में सुनील बाबू पिंगले ने सभी का आभार व्यक्त कर कहा कि आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में भी निःशुल्क नेत्र शिविर लगेंगे।

### पंच परिवर्तन से होगा समाज में नवचेतना का संचार: नवीन जोशी

# केशव बस्ती के आयोजित हिंदू सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिला और पुरुषों की रही सहभागिता








हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के एक दिन पूर्व रविवार को केशव बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। नगर के बस स्टैंड पर स्थित पालीवाल गार्डन में आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन में शामिल वार्ड क्रमांक एक एवं दो के हिन्दू परिवारों के नागरिकों ने सहभागिता की। सम्मेलन में मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाह नवीन जोशी ने पंच परिवर्तन के महत्व से अवगत कराते हुए समाज में समरसता,पर्यावरण का संरक्षण,नागरिक कर्तव्य, स्व का बोध एवं कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से राष्ट्र कल्याण के धर्म को आचरण में लाने का आग्रह किया। इस दौरान आयोजन स्थल के भव्य केसरिया ध्वज पताकाओं से सजाया गया था। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में केशव बस्ती के नागरिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संघ की मूल अवधारणा समस्त हिंदुओं को एकता एवं उनके नैतिक दायित्वों का अनुसरण करने की हैं। पूर्व में अनेकों बार सनातन संस्कृति को मिटने के लिए विदेशी आक्रमण हुए हैं परन्तु संत ओर शास्त्रों के मार्गदर्शन में हिंदुत्व जीवन शैली आज भी अक्षुण्य है। यही कारण है कि भारत विभाजन के पश्चात संघ पर लगे हुए प्रतिबंध भी संघ की शक्ति को नहीं रोक सके। संघ ने सदैव समाज जीवन को उन्नत करने का काम किया है। उन्होंने वर्तमान समय में नागरिकों से आव्हान करते हुए कहा कि आज भले ही अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो गया है परन्तु राम राज्य की संकल्पना तभी पुराण होगी जब हम राम का चित्र नहीं बल्कि भगवान राम के चरित्र से प्रेरणा लेकर अपने दैनिक जीवन में उतारेंगे।

### वैदिक मंत्रोच्चार कर यज्ञ हवन के साथ हुआ हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ

*इस अवसर पर हिंदू सम्मेलन के मुख्य अतिथि सिद्ध आश्रम के महंत पं संजय मेहता ने आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन से संघ की समानता की। उन्होंने सनातन संस्कृति के महापुरुषों एवं संतो में शामिल कबीर,तुलसीदास,नानक देव,मीराबाई,भक्त रैदास का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने भी तत्कालीन समाज में समरसता बीज बोया था। हमारी संस्कृति आदर्श मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम एवं कृष्ण ने भी अपने कर्म को ही अपना धर्म निरूपित किया और समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त किया। इसके पूर्व हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ आयोजन समिति द्वारा श्री गणेश आव्हान एवं वैदिक मंत्रोच्चार कर यज्ञ हवन के साथ किया गया। इसके उपरांत मंच से संगीतमय हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। मंचीय कार्यक्रम में केशव बस्ती के नन्हें मुन्हें बच्चो ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। अतिथि आगमन के उपरांत मंच पर स्थापित भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक रूप से भारत माता की संगीतमय आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आयोजन समिति के संयोजक सत्यनारायण शर्मा, हिंदू सम्मेलन के संरक्षक रामबाबू शास्त्री, आयोजन समिति की सह संयोजक माधुरी खोडके उपस्थित रही।*

### समरसता भोज का हुआ आयोजन

*हिंदू सम्मेलन के दौरान भारत माता की आरती के पश्चात केशव बस्ती का समरसता भोज का आयोजन भी किया गया। जिसमें बस्ती के सभी जाती वर्ग ने नागरिकों एवं माता बहनों ने सामूहिक रूप से एक साथ भोजन प्रसादी ग्रहण की। आयोजन समिति द्वारा सामूहिक रूप से भोजन कार्यक्रम के लिए व्यापक तैयारियां की थी। महिलाओं एवं पुरुषों के बैठने के लिए गालों का निर्माण किया गया था। परोसदारी लिए कार्यकर्ताओं की टीमों का गठन किया गया था। सामूहिक रूप से प्रसादी ग्रहण की।*

### नगर की आठों बस्तियों में होंगे हिन्दू सम्मेलन

*संघ की रचना से सिरोंज नगर को आठ बस्तियों में विभाजित किया गया है। रविवार को हिंदू सम्मेलन की शुरुआत केशव बस्ती से हुई। यह नगर के पहला हिंदू सम्मेलन था इसके उपरांत आने वाले समय में शेष बची सातों बस्तियों में भी सामाजिक सद्भाव को बढ़ाने वाले एवं पंच परिवर्तन के माध्यम से परिवारों में अलख जगाने के लिए हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। केशव बस्ती के इस आयोजन की तैयारियों के लिए विगत एक पखवाड़े से विशेष तैयारियां करने में जुटे हुए थे।*

### ठेकेदार यूनियन के नव निर्वाचित अध्यक्ष

## तोषमणी पंथी का फूलमाला पहनाकर किया भव्य स्वागत



**सिरोंज।** नगर के भोपाल रोड स्थित वाटर प्लांट पर नगर के समस्त पंजीकृत ठेकेदारो की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ठेकेदार यूनियन के समस्त सदस्यों द्वारा सर्व सहमति से भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी को ठेकेदार यूनियन का अध्यक्ष चुना गया। साथ ही यूनियन के उपाध्यक्ष पद हेतु महेन्द्र सिंह भदौरिया व संजीव यादव व समिति के संरक्षक जितेन्द्र शर्मा,हसीन भाई एंव सचिव मुकेश पंथी को चुना गया। इस अवसर पर ठेकेदार यूनियन के समस्त सदस्यो द्वारा नव निर्वाचित अध्यक्ष तोषमणि पंथी सहित सभी पदाधिकारियो का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत कर बधाई दी। इस मौके पर ठेकेदार यूनियन के सदस्य सचिन शर्मा,गजराम यादव,हसीब भाई,हेमन्त शर्मा,रविन्द्र रघुवंशी,अदिल गौरी,गजेन्द्र चौहान,सोनू साहू,रिजवान खान,सोहिल खान आदि मौजूद रहें।

## बालक के साथ कुकर्म करने वाले दोषी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास सुनाया

**सिरोंज।** ग्राम पंचायत दीपनाखेडा के ग्राम कादरपुर निवासी सादिक मियां के द्वारा बालक के साथ कुकर्म व मारपीट करने का दोषी ठहराते हुए सिरोंज न्यायालय द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय कुमार पांडे द्वारा धारा 377 में 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 के अर्थ दंड एवं धारा 323 में 3 माह का सश्रम कारावास एवं 1000 के अर्थ दंड से दंडित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ति बालक ने उक्त घटना की 4 जनवरी 2024 को थाना दीपना खेड़ा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वही थाना दीपनाखेडा पुलिस ने घटना के बाद आरोपी सादिक मियां को गिरफ्तार कर सिरोंज न्यायालय में पेश किया था। यहां से उसे उप जेल लटेरी भेजा गया था। पीड़ति बालक को 2 वर्ष बाद न्यायालय से न्याय मिला और कुकर्म करने वाले आरोपी को सजा मिली है।

## कुर्मी क्षत्रिय समाज की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मध्य प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की त्रैमासिक बैठक रविवार को कुरवाई रोड स्थित अनंत श्री गार्डन में आयोजित की गई।

बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे बाल विवाह, दहेज प्रथा,मृत्यु भोज, तेरहवीं तथा अन्य पुरानी कुप्रथाओं पर विशेष रूप से



विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर बैठक के दौरान सर्वसम्मति से भैरों सिंह कुर्मी को पुनः कुर्मी क्षत्रिय समाज का जिला अध्यक्ष चुना गया। वही समाज के प्रदेश अध्यक्ष राम खेलावन पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही स्थानीय सांसद श्रीमती लता वानखेड़े एवं विदिशा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए कुर्मी क्षत्रिय समाज के स्वजातीय बंधु भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। ब

ैठक में समाज के उत्थान, एकता एवं कुरीतियों के उन्मूलन हेतु सामूहिक संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने समाज को शिक्षा, संगठन और सामाजिक सुधार की दिशा में आगे बढ़ाने पर बल दिया।

### सांसद ने प्रतिनिधि के घर पहुंचकर जाना स्वास्थ्य का हाल...



सिरोंज। सांसद सदस्य डॉ लता बानखेडे ने भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव सांसद प्रतिनिधि मान सिंह रघुवंशी के निवास पर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और रघुवंशी के परिजनों से मुलाकात की।

## मारपीट मामले में चुनाव आयोग सख्त, 1 आरोपी पर प्रकरण दर्ज

### रिर्पोट लिखाने गए नपा अध्यक्ष पति से देवरी थाना परिसर में मारपीट का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलॉ

विगत गुरूवार को युवक से हुई मारपीट रिर्पोट लिखाने देवरी थाने गये नगरपालिका अध्यक्ष पति से थाना परिसर में मारपीट किए जाने के मामले में चुनाव आयोग के सख्त रूख के बाद आरोपी के विरूद्ध देवरी थाने में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत गुरूवार सुबह लगभग 11 बजे देवरी नगरपालिका अध्यक्ष पति अलकेश जैन अपने चुनाव प्रचार कर रहे समर्थक गौरव गौड़ से मारपीट किए जाने एवं वाहन में तोड़फोड़ किये जाने संबंधी शिकायत करने देवरी पुलिस थाने पहुँचे थे। उसी दौरान थाना परिसर में ही उनके साथ गाली गलौच एवं मारपीट की गई थी। जिसके संबंध में अलकेश जैन एवं उनकी पत्नि देवरी नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति नेहा अलकेश जैन द्वारा देवरी थाने लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। एवं घटना संबंधी सीसीटीव्ही फुटेज दिये जाने की मांग की गई थी। परंतु कार्रवाई न होने को लेकर उनके द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग, केन्द्रीय निर्वाचन आयोग एवं पुलिस अधीक्षक को शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की थी। उक्त मामले में शिकायत प्राप्त होने के बाद चुनाव आयोग एवं पुलिस अधीक्षक सागर द्वारा घटना की जानकारी ली गई थी। मामले में पुलिस अधीक्षक सागर द्वारा घटना का सीसीटीव्ही फुटेज भी मांगा गया था। मामले में चुनाव आयोग एवं अधिकारियों के सख्त रूख के बाद शुक्रवार रात्रि में आरोपी संदीप जैन के विरूद्ध धारा 296 बी एवं 115 (2) भारतीय दण्ड विधान के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

## खरगोन में हुआ हिन्दू सम्मेलन साधु संतों व हजारों हिंदुओं की रही उपस्थित

### सनातन धर्म की रक्षा के लिए सकल हिंदू समाज का संगठित होना जरूरी

### भारत की उन्नति से विदेशी ताकतें भयभीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

तहसील के सबसे बड़े ग्राम कस्बा खरगोन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में अन्य स्थानों की तरह सकल हिन्दू समाज का विशाल हिन्दू सम्मेलन संपन्न हुआ।हिन्दू सम्मेलन में क्षेत्र के साधु संतों के साथ ग्राम- ग्राम से आए हजारों हिंदुओं की उपस्थिति रही भारत माता की पूजन आरती और सभी का एक साथ समरसता भोज भी हुआ।

आरएसएस, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के साथ अन्य संगठनों की सक्रियता से आयोजित हिन्दू सम्मेलन में बापौली धाम के मुक्तानंद जी महाराज, त्रिलोकचंद धाम के शिव स्वरूप जी महाराज, वैदेही शरण जी महाराज, मां बाराही माता मंदिर टोंगा शेष नारायण जी जामगढ़, आचार्य मुकुल महाराज के साथ संघ के सह प्रांत प्रचारक अखिलेश




श्रीवास्तव की विशेष उपस्थिति रही।

### हिंदुओं का एकजुट होना जरूरी

जिस प्रकार देश के विभिन्न प्रांतो और बांग्लादेश पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदुओं की बदहाली और हिन्दू होने के नाते बेरहमी से विधर्मियों द्वारा हत्या की जा रही हैं।हिंदुओं की रक्षा सुरक्षा के लिए हिंदुओं को संगठित और एकजुट होना जरूरी है। हिन्दू सम्मेलन में संघ के शताब्दी वर्ष में पांच सामाजिक परिवर्तन के संबंध में विस्तार से बतलाते हुए हिंदुओं को सक्रियता पूर्वक कार्य करना भी जरूरी बताया वक्ताओंने यह भी कहा कि भारत की जिस प्रकार तेजी से प्रगति हो रही है। उससे विदेशी शक्तियां भयभीत बनी हुई है हमारी संस्कृति धर्म को नष्ट करने नए-नए षड्यंत्र के साथ झूठे प्रचार तंत्र का उपयोग किया जा रहा है।

इससे जागरूक और सावधान रहना भी जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण सामाजिक समरसता आत्मनिर्भर परिवार नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन में सक्रिय भूमिका हिन्दू स्वाभिमान का विचार हिंदुओं की एकजुट ताकत दुनिया में भारत को फिर विश्व गुरु बना देगी।

### 2019 से चौकीदार के पद पर कार्य कर रहे मिश्रीलाल

## चौकीदार सेवा भूमि के नियमों का नहीं किया जा रहा पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बाड़ी

बाड़ी कलां में नियुक्त चौकीदार को सेवा भूमि भरण पोषण के लिए देने का नियम है। सेवा के आधार पर चौकीदार को 5 एकड़ भूमि अधिकतम दी जाती है और वेतन 4000 प्रतिमाह भूतपूर्व चौकीदार दिलीप सिंह के परिवार का कोई सदस्य चौकीदार पद पर कार्यरत नहीं है। वर्ष 2019 में मिश्रीलाल चौकीदार के पद पर कार्य कर रहे हैं।

चौकीदार सेवा भूमि खसरा क्रमांक 47 का रहस्य सामने आया है। यह सेवा भूमि भूतपूर्व चौकीदार द्वारा विक्रय की जा चुकी है। जबकि नियम और कानून इसकी इजाजत नहीं देते विक्रय किस आधार पर हुआ यह रहस्यचर्चा का विषय बना हुआ है नियुक्त चकीदार मिश्रीलाल अहिरवार वर्ष 2019 से चौकीदार सेवा पद पर कार्य कर रहे हैं। सेवा भूमि का भूतपूर्व चौकीदार द्वारा जमीन का विक्रय किये जाने प्रशासन पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्राम एवं नगर में चौकीदार सूचना प्रहरी के रूप में काम करताा है। गांव में होने वाली घटनाओ शासन प्रशासन की योजनाओं जानकारी कार्यालय एवं गांव के लोगों को जानकारी देना होता है। इस सेवा के लिए उसके परिवार के भरण पोषण के लिए सेवा भूमि उपलब्ध कराई जाती हैं। नियम कहता है कि चौकीदार कार्य से हटने पर नए चौकीदार को भूमि दी जाती है सेवाभूमि का आधार सेवा जब तक हैं जब तक भूमि मलिकाना अधिकार होताा है। सेवाअवधि पूर्णण होने पर नवीन चौकीदार को सेवाभूमि किसी भी चौकीदार को भूमि बेचने अधिकार अधिकार नहीं है। खसरा नंबर 47 भूमि का विक्रय भूतपूर्व चौकीदार ने किस आधार पर किया यह जांच का विषय है।

#### इनका कहना है

चौकीदार सेवा भूमि खसरा नंबर 47 बाड़ी कला सेवा भूमि का विक्रय भूतपूर्व चौकीदार द्वारा किया गया है जबकि वर्तमान में मैं चौकीदार के रूप में 2019 से कार्य कर रहा हूं अब तक मुझे सेवा भूमि अधिकार से वंचित रखा गया है खसरा नंबर 47 के रिकॉर्ड का अवलोकन करने पर हकीकत सामने आ जाएगी।

**- मिश्रीलाल अहिरवार,**
चौकीदार बाड़ी कलां संग्रामपुर।

### पुरानी पल के स्थान पर साढ़े पांच करोड़ से बनेगा नया पुल

## टूटे पुल का जून तक हो पाएगा निर्माण, बना चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

1 दिसंबर 2025 को बरेली पिपरिया मार्ग पर ग्राम नयागांव कलां के पास मछवाई नाले पर बना लगभग 40 वर्षों पुराना ऊंचा पुल ठेकेदार द्वारा मरम्मत कार्य किए जाने के दौरान बीच में से टूट कर गिर गया। एमपीआरडीसी के जिम्मेदारी वाले प्रमुख व्यस्त रहने वाले मार्ग पर यातायात चालू रखना वैकल्पिक कच्चे मार्ग का निर्माण किया गया है। वैकल्पिक डायवर्सन मार्ग से दिन रात वाहनों का आवागमन होने से 24 घंटे धूल उड़ रही है। मार्ग धसकने से गहरे गढ़ों में वाहन फंसने की घटनाएं भी हो रही है।

### 6 माह में पुल निर्माण जरूरी

दिसंबर का पूरा महीना बीत गया जनवरी से जून तक मात्र 6 माह का समय शेष है इन 6 महीनों में यदि पुल का निर्माण और यातायात नहीं शुरू होता तो वैकल्पिक डायवर्सन मार्ग बारिश में बंद हो जाएगा। एमपी आरडीसी ने

### बरेली को नर्मदापुरम और रेलवे स्टेशन पिपरिया से जोड़ने वाला है प्रमुख मार्ग



साढ़े पांच करोड़ की राशि का टेंडर निकाल और निर्माण एजेंसी बीआरएस गुजरात की कंपनी को दिया है। ठेकेदार के कर्मचारी मशीनों का पुल बनाने के कार्य स्थल पर पहुंचना शुरू हो गया है। 30 मीटर लंबा और लगभग 12 मीटर चौड़ाई का पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगले 5 महीनों में नए पुल का निर्माण पूर्ण करना ठेकेदार के साथ एमपी आरडीसी के लिए चुनौती पूर्ण कार्य बना रहेगा। टूटे पुल उसके आसपास का मलवा तोडने हटाने का कार्य ठेकेदार द्वारा शुरू कर दिया है जेसीबी पोकलेन मशीनों का कार्य में उपयोग किया जा रहा है।

### जांच समिति का क्या हुआ

1 दिसंबर को पुल टूटने की घटना पर तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन कर सात दिवस में रिपोर्ट देना था। घटना को हुए एक माह 10 दिनों का समय बीत गया पुल टूटने की घटना में एक धोखेड़ा निवासी युवक देवेंद्र धाकड़ की मृत्यु हुई थी। घटना का जिम्मेदार और कोन दोसी है घटना पर क्या कार्रवाई हुई दोषियों पर कोई भी प्रकरण दर्ज करने जैसी कोई भी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा रही है।

## दिन-रात में बिना सूचना बिजली कटौती से उपज रहा असंतोष

### मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी हालातों में नहीं सुधार, 24 घंटे में दर्जनों बार बिजली हो रही गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

पिछले तीन-चार दिनों से नगर के हजारों परिवार दुकानदार बिना सूचना बिजली गायब रहने से परेशान और जनजीवन अस्त व्यस्त होने के साथ व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। नगर में स्थान स्थान पर खुले डीपी बॉक्स कभी भी ट्रांसफार्मर में खराबी आने के जलजाने जैसी घटनाओं के कारण बिना सूचना बिजली गायब होना और 24 घंटे में दर्जनों बार बिजली की आंख मिचोली से आमजन व्यापारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

बिजली विभाग द्वारा प्रत्येक सीजन में



विद्युत लाइनों, ट्रांसफॉर्मर के मेंटेनेंस पर लाखों की राशि खर्च की जाती है।

मेंटेनेंस के नाम पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में मात्र औपचारिकता पूर्ण कार्य किए जाने से बिजली की आंख मिचोली तार टूटने, ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटनाएं होती रहती हैं। राशि खर्च के बाद भी जमीनी हकीकत और स्थिति में सुधार नहीं दिखाई देने से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के हजारों उपभोक्ता बिजली न रहने बार-बार बिजली आने जाने की समस्या से हैरान परेशान बने हुए हैं।

### ठेकेदारी प्रथा पर कार्य

उपभोक्ताओं की शिकायत बिजली बंद रहने खराबी इत्यादि के कार्यों के लिए विद्युत विभाग में ठेकेदारी प्रथा चल रही है। मेंटेनेंस ठेकेदार के कर्मचारी थोड़ी सी खराबी पर बार-बार परमिट लेकर विद्युत प्रवाह बंद करवाने से दिन हो या रात बार-बार बिजली की आंख मिचोली उपभोक्ताओं के लिए परेशानी बनी हुई है।

## एक साथ लोड पड़ते ही सिस्टम दे रहा जवाब, स्कूलों में शिक्षकों की परेशानी

# ई-अटेंडेंस का सर्वर फिर फेल, शिक्षकों को दो जगह लगानी पड़ रही हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले के सरकारी स्कूलों में लागू ई-अटेंडेंस व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। सुबह स्कूल खुलते ही ई-अटेंडेंस का सर्वर डाउन हो गया, जिससे शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्कूलों में शिक्षकों को ऑनलाइन के साथ-साथ रजिस्टर में भी हाजिरी लगानी पड़ी।

शिक्षकों सीताराम रैकवार, अशोक पांडेय का कहना है कि तय समय पर जब एक साथ सभी स्कूलों से लॉगिन कर हाजिरी दर्ज की जाती है। उसी वक्त सर्वर पर अधिक लोड पड़ जाता है और सिस्टम फेल हो जाता है। इससे न सिर्फ समय बर्बाद होता है, बल्कि बार-बार लॉगिन की कोशिशों में नेटवर्क डेटा भी खर्च होता है।

### पहले भी आ चुकी है समस्या

यह कोई पहली बार नहीं है जब ई-अटेंडेंस सर्वर ने जवाब दिया हो। इससे पहले भी कई बार तकनीकी खामियों के चलते सर्वर ठप हो चुका है।लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है।

### बढ़ाया गया है समय...

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ई अटेंडेंस लगाने का समय सुबह 10 से 11 बजे तक निर्धारित किया गया था। जिसे बढ़ाकर दोपहर 12:30 बजे तक कर दिया गया है। शिक्षकों का कहना है कि परीक्षा के समय का अभी कोई निर्धारण नहीं किया गया है। अगर शिक्षक परीक्षा या मूल्यांकन में ड्यूटी कर रहे होंगे तब हमारे शिक्षक ऐप में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। जिससे शिक्षक ऑनलाइन अटेंडेंस कर सकें।

### दोहरी हाजिरी बनी मजबूरी

सर्वर की अनिश्चितता के चलते कई स्कूलों के प्राचार्यों ने एहतियातन ऑफलाइन रजिस्टर में भी उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए। इससे शिक्षकों को दो जगह हाजिरी लगाने की मजबूरी बन गई है।



### शिक्षकों ने बताई नेटवर्क की समस्या

आजाद अध्यापक संघ के संभागीय उपाध्यक्ष सीताराम रैकवार सहित अन्य शिक्षकों ने बताया कि स्कूल परिसर में होने के बावजूद ऐप में लोकेशन कई सौ मीटर दूर दिखाता है। नेटवर्क न मिलने के कारण बार-बार प्रयास करने पड़ते हैं और कभी-कभी तो अटेंडेंस दर्ज ही नहीं हो पाती, जिससे उन्हें विभागीय पोर्टल पर अनुपस्थित दिखा दिया जाता है। इस समस्या से शिक्षकों का बहुमूल्य समय और ऊर्जा दोनों बर्बाद हो रहे हैं। नेटवर्क ढूंढने में लगने वाले समय के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। शिक्षकों का मानना है कि शासन के डिजिटल प्रयास सराहनीय हैं, लेकिन ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क समस्या एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि स्कूल क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर लगाए जाएं।

### समस्या : शिक्षक पेड़ पर चढ़कर लगा रहे ई-अटेंडेंस

जिले के सांची विकासखंड में शिक्षकों को ई-अटेंडेंस दर्ज करने के लिए पेड़ों पर चढ़ना पड़ रहा है। मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या के कारण उन्हें प्रतिदिन इस परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे शासकीय विद्यालयों में उपस्थिति दर्ज करने में भारी दिक्कतें आ रही हैं।

दरअसल शासन ने शिक्षकों की उपस्थिति के लिए ई-अटेंडेंस ऐप अनिवार्य किया है। हालांकि, सांची विकासखंड और इसके आसपास के कानपोहरा याकूबपुर सहित कई गांवों के विद्यालयों में मोबाइल नेटवर्क का अभाव है। जहां थोड़ा नेटवर्क मिलता भी है, वहां ऐप ठीक से काम नहीं करता।शिक्षक सुबह विद्यालय पहुंचने के बाद घंटों नेटवर्क ढूंढने में लगे रहते हैं।

**इनका कहना है**

अब हमारे शिक्षक एप में बदलाव किया है, शिक्षकों को अब दो जगह उपस्थिति लगानी पड़ रही है। इसमें अगर लापरवाही मिली तो जिम्मेदार शिक्षकों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।
- **डीडी रजक,** जिला शिक्षा अधिकारी रायसेन

**विशाल हिन्दू सम्मेलन में उमड़ा सकल हिन्दू समाज का सैलाब**



# देश ही उन्नति के लिए हिंदुओं में एकता और अखंडता का होना अत्यंत आवश्यकः त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



नगर में सकल हिन्दू समाज में एकता और अखंडता का अलख जगाने विभिन्न बस्तियों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को अवंतिका बस्ती, गोपालपुर बस्ती, देवनगर बस्ती, गुलगांव के साथ सिलवानी में भी विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इन सम्मेलनों में हजारों की संख्या में सकल हिन्दू समाज की मातृशक्ति एवं युवा वर्ग उत्साह के साथ शामिल हुआ। साथ ही सभी समरसता भोज में एक साथ भोजन कर सकल हिन्दू समाज ने एकता का परिचय दिया।

शहर की गोपालपुर बस्ती वार्ड 4 में रानी दुर्गावती छात्रावास में सकल हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शीतल सिटी कॉलोनी से मातृशक्ति द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में छोटी-छोटी बच्चियों सहित माताएं-बहनें पीले वस्त्र धारण सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। यात्रा बैंड-बाजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंची, जहां छात्रावास की बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमति अमीता त्रिपाठी एवं गोपाल जी लोधी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमति अमीता त्रिपाठी ने सकल हिन्दू समाज को संबोधित करते हुए कहा कि एकता में ही अखंडता है। जब तक हमारा समाज एक होकर कार्य नहीं करेगा, तब तक हमारा समाज उन्नति नहीं कर सकता। इसलिए जात-पात भूलकर प्रत्येक हिन्दू को एकता का परिचय देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमने भारत माता के आंचल में जन्म लिया है। हमें उसकी रक्षा के लिए संकल्पित रहना चाहिए।

**एक साथ खड़ा कर कराई परेड**



# गुंडे और निगरानी बदमाशों की पुलिस ने कराई परेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाड़ी

थाना प्रभारी बाड़ी राजेश तिवारी ने रविवार को सभी गुंडो को थाना बुलाया और हिदायत दी गई कि किसी भी कीमत पर अपराध करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा।

एसपी के निर्देश पर क्षेत्र में अमन-चैन कायम रहे। वहीं अपराधियों को यह अहसास होता रहे कि हमें अपराध नहीं करना पुलिस हम पर नज़र रखें हुए हैं और लोगों को भी पता चलता है कि हमारे नगर कितने अपराधी है इससे पहले सिर्फ थाने की दीवार पर नाम अंकित कर छोड़ दिया जाता था अब यही अपराधी थाने प्रांगण में घंटों खड़े रह कर अपराध नहीं करने की कसमें खाने को मजबूर हो रहे हैं।

थाना प्रभारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अपराध किया तो उसके घातक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। परिसर में एक लाइन में खड़े कर उनकी परेड ली गई। रिकॉर्ड एवं प्रकरणों के आधार पर सभी को बुलाकर समझाया गया और कड़े शब्दों में हिदायत दी गई कि यदि अपराध किया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।



### पुलिस ने 12 गुंडों से कराई परेड

**सलामतपुर।** थाना क्षेत्र में रविवार को थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने 12 गुंडे (हिस्ट्री शीटर) और 5 निगरानी बदमाशों को थाने पर तलब किया। सभी को लाइन में खड़ा कर परेड कराई गई। उनके डोजियर फॉर्म भरवाए गए, पुराने रिकॉर्ड की जानकारी ली और सभी को शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करने सख्त हिदायत दी गई। थाना प्रभारी श्री रघुवंशी ने बताया कि बताया कि आगे भी ऐसे बदमाशों पर लगातार नजर रखी जाएगी और कोई गलती हुई तो तुरंत कानूनी कार्रवाई होगी। जिले में नए एसपी आने के बाद अपराधियों में हड़कंप है।

# ग्राम पंचायत में नहीं हुआ विकास कागजों में चल रही हैं योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांची

जनपद पंचायत सांची, के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पगनेश्वर में शासन की सभी योजनाएं कागजों तक सीमित हैं। जमीनी हकीकत यह है कि ग्राम पंचायत में योजनाओं के अनुरूप कोई भी विकास कार्य नहीं कराए गए हैं, जबकि यह ग्राम पंचायत मुख्य सड़क से लगा हुआ है। रायसेन-विदिशा मुख्य मार्ग पर होने के बाद भी इस ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की तरफ किसी का ध्यान नहीं है।

इसे पंचायत सचिव की मनमानी कहें या सरपंच की लापरवाही या फिर जिम्मेदारों की अनदेखी कि ग्राम पंचायत के लोग कई परेशानियों का सामना कर रहे हैं। पंचायत की मुख्य सड़क जो कि मुख्य मार्ग की तरफ आती है बरसों से कीचड़ में सराबोर है और इसी सड़क से स्कूली बच्चों का गांव के लोगों का आना-जाना होता है। भारी जोखिम उठाकर स्कूली बच्चे अपने स्कूल तक पहुंच पाते हैं इस समस्या को देखने वाला यहां कोई नहीं है। ग्रामीणों ने कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया है, लेकिन कोई भी कार्यवाही किसी के विरुद्ध नहीं होती है।

बताया जाता है कि ग्राम पंचायत में पदस्थ ग्राम सचिव पंचायत में आना-जाना नहीं करते है सचिव के द्वारा ग्राम पंचायत के विकास की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि शासन की मुख्य योजनाओं की राशि जो पंचायत निधि के खाते में आती है उसे मनमाने ढंग से खर्च किया जाता है एवं फर्जी बिल वाउचर



लगाकर राशि का आहरण कर लिया जाता है। जांच अधिकारी भी अपनी खानापूर्ति करते हुए क्लीन चिट दे देते हैं समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने रोष व्यक्त किया है। ग्राम पंचायत के लोगों का कहना है कि सरपंच ग्राम के विकास की तरफ कोई ध्यान नहीं देते हैं अभी तक जो भी विकास कार्यों के नाम पर राशि निकाली गई है उसकी उचित जांच होना भी जरूरी है।

**इनका कहना है**

आपने अवगत कराया है, हम देखते हैं क्या गड़बड़ी है।
- **शंकर सिंह पांसे,** सीईओ, जनपद पंचायत सांची।

## अवंतिका बस्ती में हुए सकल हिन्दू सम्मेलन में मुख्य वक्ता योगश जी ने अपने संबोधन में कहा-

# धर्म, संस्कृति और स्वाभिमान का संगम हिन्दू सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

नगर की अवंतिका बस्ती में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन रविवार को संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में हिन्दू समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में कलश यात्रा का आयोजन किया। मातृशक्ति द्वारा सिर पर कलश रखकर बाजे की धुन पर यात्रा निकाली गई। यात्रा में भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय-जय श्रीराम के जयघोष की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम के शुभारंभ पर भारत माता की आरती का आयोजन किया, तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक योगेश जी गूजर उपस्थित रहे। उन्होंने हिन्दू समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज से जातिगत विभाजन से ऊपर उठकर केवल हिन्दू पहचान अपनाने और सनातन संस्कृति पर गर्व करने का आव्हान किया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रतिपादित पंच परिवर्तनों को विस्तार से बताया।

इन परिर्वतनों में स्वदेशी स्वतःभाव, कुटुम्ब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य आदि शामिल हैं। उन्होंने जोर दिया कि इन सिद्धांतों को जीवन में अपनाकर सशक्त भारत और आत्मनिर्भर समाज का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर सामाजिक समरसता भोज में लगभग 2 हजार लोगों ने एक साथ बैठकर समरसता भोज किया।

## सम्मेलन से पूर्व निकाली कलश यात्रा, मातृशक्ति की रही उपस्थिति

# हिन्दू समाज की एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत : दीदी पूनम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

कस्बा देवनगर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी वर्ष पर क्षेत्र के किरार संस्कृत प्रांगण में आयोजित हिंदू सम्मेलन में देवनगर व आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम जानकी मंदिर से कलश यात्रा के साथ हुआ। तीन स्थानों से शुरू हुई कलश यात्राएं जब तलैया मंदिर पर मिली तो कलश यात्रा की शोभा देखते ही बनती थी। बड़ी संख्या में भगवा वस्त्र धारण किए महिलाएं कलश यात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं।

मुख्य वक्ता संघ के सह प्रचार प्रमुख अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि समाज को पर्यावरण की रक्षा के लिए कार्य करना चाहिए। सकल हिंदू समाज को वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत्त हुए जातिवाद को भूलकर हिंदू समाज में समरसता के लिए कार्य करना चाहिए। वहीं कथावाचक दीदी पूनम शास्त्री ने समरसता ने कहा कि मां गंगा और मां नर्मदा के तट कभी स्नान करने वालों से



जाति नहीं पूछते। हम सभी के शरीर में एक सा ही खून बहता है जब भगवान ने हमें एक सा बनाया है तो हम सब आपस में भेदभाव क्यों करें। इसीलिए हिंदू समाज को एकता की भावना से रहना चाहिए।

कार्यक्रम में पंडित रामाधार जी शास्त्री, राघव दास जी महाराज, श्रीराधा कृष्ण मंदिर महलपुर पाठा के महंत श्रीमती ममता प्रजापति, गणेशी बाई उपस्थित थीं। कार्यक्रम स्थल को बैनर, मंच, महापुरुषों की आकर्षक झांकियां, रंगोली बनाकर सजाया गया था।

# बम्होरी बर्धा में चल रही स्कंद महापुराण की कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

ग्राम बम्होरी बर्धा में आयोजित भव्य स्कंद महापुराण कथा के पंचम दिवस रविवार को श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही। कथा व्यास ब्रह्मचारी महाराज ने वेदों की महिमा, उनकी दिव्यता तथा पुराणों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वेद सनातन संस्कृति की आधारशिला हैं और इन्हीं वेदों के मर्म को सामान्य जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से पुराणों का उदय हुआ।

ब्रह्मचारी महाराज ने अपने प्रवचन में बताया कि वेद अपौरुषेय हैं, अर्थात वे किसी मनुष्य द्वारा रचित नहीं, बल्कि साक्षात ईश्वर स्वरूप हैं। वेदों के मंत्र और ऋचाएँ महान ऋषि.मुनियों द्वारा तप, साधना और सिद्धि के माध्यम से प्राप्त हुई हैं। यही कारण है कि वेदों को अत्यंत पवित्र, गूढ़ और दिव्य माना गया है। उन्होंने कहा कि वेद विद्या को बिना गुरु के प्राप्त करना संभव नहीं है, क्योंकि इसके उच्चारण, पारायण और अध्ययन में विशेष स्वरों एवं नियमों का पालन आवश्यक होता है।

## सूर्य नमस्कार के साथ छात्रों द्वारा निकाली जाएगी रैली

# आज स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस पर होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

आज 12 जनवरी को युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जयंती पर नगर की शिक्षण संस्थानों में सूर्य नमस्कार युवा दिवस के कार्यक्रम और प्रिंसटन कॉलेज के छात्रों द्वारा नगर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा रैली निकाली जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय बालक हाई सेकेंडरी स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का प्रमुख कार्यक्रम प्रातः प्रारंभ होगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी के साथ छात्र-छात्राओं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रहेगी प्राचार्य के के वानी एवं विद्यालय परिवार ने सभी से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की



अपील की है।

### छात्र निकालेंगे शोभायात्रा

संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त प्रिंसटन कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर युवा दिवस मनाया जाएगा प्रातः सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के बाद प्रिंसटन कॉलेज से स्वामी विवेकानंद जी की शोभायात्रा एवं रैली नगर के प्रमुख मार्गो पर निकाली जाकर प्रिंसटन कॉलेज परिसर चेनपुर रोड पर समापन होगा।

प्रिंसटन कॉलेज के संचालक महेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत की अधिकतर आबादी युवा है स्वामी जी की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाकर युवाओं छात्रों को स्वामी विवेकानंद जी के विचार सर्वांगीण विकास युवाओं की शक्ति समर्थ और देश की प्रगति सेवा कार्यों संस्कृति राष्ट्रभक्ति के विचारों से जुडन्ना जरूरी है।

प्रिंसटन कॉलेज के संचालक प्राचार्य महाविद्यालय परिवार ने सभी से स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

### खेल स्टेडियम में होगा सूर्य नमस्कार का मुख्य कार्यक्रम

**रायसेन।** स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस एवं युवा दिवस 12 जनवरी को जिले में सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ सूर्यनमस्कार किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में मंत्रीगण, विधायक एवं जनप्रतिनिधियों के साथ ही छात्र-छात्राएं, युवा तथा आमजन सम्मिलित होंगे। यह जिला स्तरीय आयोजन जिला खेल परिसर रायसेन में 12 जनवरी को प्रातः 9 बजे आकाशवाणी प्रसारण के साथ आयोजित किया जाएगा।

### नप बाड़ी के सभाकक्ष में जल की गुणवत्ता का प्रशिक्षण दिया

**बाड़ी।** नगर परिषद सभा कक्ष पर पीएचई लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से पहुंची संध्या रघुवंशी द्वारा जल की गुणवत्ता का प्रशिक्षण दिया। संध्या रघुवंशी ने बताया कि हमारे द्वारा लगातार नागरिकों को जगह-जगह पहुंचकर जागरूक किया जा रहा है। पानी को हमेशा उबालकर पीने से पानी पूर्ण रूप से शुद्ध हो जाता है। समय-समय कर पानी की टंकियां को साफ करना चाहिए नगर में चल रही नल जल योजना की पाइपलाइन पूरी तरह से साफ सुथरी हो कहीं भी कोई लीकेज ना हो और गंदे पानी में से ना निकले इस पर भी ध्यान रखें। प्रशिक्षण में विभूति दरबार उपयंत्री, स्वच्छता निरीक्षक श्रीनिवास तिवारी, सहायता समूह की महिलाएं बहने, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं फायरमैन, हैंड पंप, व नगर परिषद कार्यालय स्टाफ सभी प्रशिक्षण में उपस्थित रहे।

## सकल हिंदू समाज की शोभायात्रा और हिंदू सम्मेलन ने रचा इतिहास

# आयोजन समाज को संगठित व नई पीढ़ी को संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

संघ शताब्दी वर्ष पर नगर में रविवार को आयोजित सकल हिन्दू सम्मेलन में हिंदुत्व के गौरव और सामाजिक समरसता का सशक्त दृश्य देखने को मिला। कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुए इस सम्मेलन में क्षेत्र के अनेको की संख्या में सनातनी बंधुओं ने सहभागिता कर धर्म रक्षा और राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया।

हिंदु सम्मेलन का नगर खेड़ापति नरेश शास्त्री, इतिहास रत्नाकर, अध्यात्म रत्न, बाल ब्रम्हचारी, जैन संत बसंतजी महाराज, डॉ, राजेश सेठी प्रांत सह संघचालक, (मध्यभारत प्रांत) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पूज्य संत श्रीश्री 1008 श्री अशोक दास ब्रह्मचारी जी महाराज श्रीधाम अयोध्या द्वारा संबोधित

**सिलवानी में उमड़ा आस्था का जनसैलाब**



वक्ताओं ने अपने संबोधन में आरएसएस के शताब्दी वर्ष में आयोजित किए जा रहे सकल हिंदु सम्मेलन की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा ' पंच परिवर्तन और हिन्दू एकता का संदेश दिया।

वक्ताओं ने हिंदू एकता, सनातन संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्र निर्माण वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को संगठित करने और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। वक्ताओं के साथ मंच पर पं. संजय शास्त्री, दीपेश जैन, संयोजक तथा ममता शर्मा सहसंयोजक आयोजन समिति विशेष रुप से उपस्थित रही।